तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025



12 एलडीए के सस्पेंशन को लेकर बिजली कर्मियों ने...




12 श्रावणी पर्व पर छात्रों ने हवन में डाली आहुतियां



## खबर संक्षेप

### दिल्ली पेरलल नहर में गिरी कार, ट्रक चालक ने कूदकर जान बचाई

**पानीपत।** पानीपत गांव नारायणा के पास दिल्ली पेरलल नहर में कार गिर गई। वहीं कार को नहर में गिरता देख एक ट्रक के चालक ने अपना वाहन रोगा और नहर में कूद गया। ट्रक ड्राइवर ने कार में चालक सीट पर सवार सतेंद्र निवासी गांव सिवाह को बाहर निकाला। जबकि उनकी कार नहर में डूब गई। गोताखोरों की टीम नहर में कार की तलाश कर रही है। जबकि पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इग्नू प्रवेश तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त



2025 कर दी है। यह जानकारी क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने दी। डॉ. धर्मपाल ने कहा कि इग्नू प्रदेश के 16 जिलों में 32 अध्ययन केंद्रों के माध्यम से छात्रों को शिक्षा उपलब्ध करा रहा है।

### अंबाला में चार साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग मामले में 8 लाख 95 हजार रूपये की ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। प्रबंधक थाना साइबर ने बताया कि 17 अगस्त 2025 को साइबर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भोपाल के रहने वाले आरोपी शेख अरशील, उवेज उल्लाह, शोएब शेख व मोहम्मद जिआ कुरैशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद जिआ कुरैशी को 5 दिन के रिमांड पर भेज दिया है। कच्चा बाजार के रहने वाले राजीव जैन ने 10 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अप्रैल 2025 से 3 मई 2025 के दौरान आरोपी ने टेलीग्राम से आर्नलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर लगभग 8 लाख 95 हजार ठग लिए।

### शंभू टोल प्लाजा के पास चरस तस्करी में दो काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर क्षेत्र के शंभू टोल प्लाजा के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने सेक्टर 9 के रहने वाले लक्षित मल्होत्रा व एक किशोर को मोटरसाइकिल सहित 590 ग्राम चरस के साथ काबू किया है। लक्षित मल्होत्रा को दो दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-2 के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस दल को सूचना पर नाकाबंदी कर आरोपी को किशोर के साथ काबू किया।

### सीआईए थ्री ने रंगदारी लेने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सनौली रोड पर ऑटो रिक्शा चालकों से अवैध वसूली करने व धमकी देने के आरोपी शौकीन निवासी गांव झांबा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी विजय ने बताया कि इस मामले में थाना शहर में धूप सिंह नगर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की दी।

### पार्षद पद का त्याग करेगे डॉ गौरव

**पानीपत।** नगर निगम के मनोनीत पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें पद की लालसा नहीं है और वे पार्षद पद से इस्तीफा देंगे। वहीं डॉ गौरव ने 13 दिन पहले से शपथ ली थी। वहीं, डॉ गौरव ने कहा कि उनके अंदर सेवा करने की लालसा है, जो कि बिना पद के भी की जा सकती है। भाजपा सरकार द्वारा डॉ. गौरव को मनोनीत पार्षद घोषित किए जाने पर कई कार्यकर्ताओं द्वारा उनका विरोध किया जा रहा था। डॉ गौरव ने कहा कि वे पार्टी के आजीवन कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहेंगे।

# पहाड़ी क्षेत्रों में रुकी बारिश, शांत हुई यमुना नदी जिला प्रशासन व ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**एक दिन पहले नदी का जलस्तर बढ़कर पहुंच गया था एक लाख 78 हजार क्यूसिक | सोमवार शाम तक नदी का जलस्तर रह गया कुल 48 हजार 235 क्यूसिक**

### रविवार रात से यमुना का जलस्तर कम होने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में एक दिन पहले हुई जोरदार बारिश की वजह से उफान पर पहुंची यमुना नदी सोमवार को शांत हो गई। सोमवार शाम पांच बजे तक यमुना नदी का जलस्तर घटकर मात्र 48 हजार 235 क्यूसिक रह गया। जबकि एक दिन पहले गत रविवार को यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर एक लाख 78 हजार क्यूसिक से अधिक पहुंच गया था और यमुना उफान पर पहुंच गई थी। मगर बीती अर्धरात्रि के बाद यमुना नदी शांत होने लगी। सोमवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण किया।

हथनी कुंड बैराज के सूत्रों का कहना है कि गत रविवार को पहाड़ी इलाकों में जोरदार बारिश होने से यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर एक लाख 78 हजार क्यूसिक पहुंच गया था। मगर इसके बाद पहाड़ी इलाकों में बारिश थम गई और रविवार रात से यमुना नदी का जलस्तर कम होने लगा।

सोमवार शाम पांच बजे तक यमुना नदी पूरी तरह शांत हो गई और उसमें मात्र 48 हजार 235 क्यूसिक पानी बह रहा था। जो सामान्य से कम है। यमुना नदी के शांत होने के बाद प्रशासन व बाढ़ प्रभावित इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली।





**यमुनानगर।** प्रताप नगर क्षेत्र में शांत होकर बह रही यमुना नदी व बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण करते उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

## डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बाढ़ राहत कार्यों का किया निरीक्षण

- गांव खान्नुवाला व चिंतपुर के पुलों के नीचे सफाई के लिए ग्रामीणों ने अनुग्रह किया
- सभी बाढ़ राहत से बचाव के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें

सोमवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जिला के गांव पंजेटो, ऊर्जनी, याकुबपुर, खेड़ा, बरोली माजरा, खान्नुवाला, चिंतपुर व साढौरा पुल पर चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बाढ़ राहत से बचाव के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता को ग्रामवासियों ने बताया कि गांव पंजेटो, उर्जनी, याकुबपुर, खेड़ी, बरोली माजरा, खान्नुवाला व चिंतपुर इत्यादि गांवों के रास्तों व खेतों में बरसात के समय पानी भर जाता है। उन्होंने गांव खान्नुवाला व चिंतपुर के पुलों के नीचे सफाई के लिए अनुग्रह किया। ताकि बरसात का पानी आसानी से निकल सके। डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के समय जिन गांवों में पानी भर जाता है उन गांवों में पानी की निकासी का बरसात होने से पहले उचित प्रबंध करें।

## मारकंडा का जलस्तर बढ़ा, नदी के आसपास के गांव प्रभावित

- गांव कठवा में लोगों के घरों में पहुंचा नदी का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

पहाड़ों में चल रही बरसात के कारण मारकंडा नदी में जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार सांय तक शाहबाद में मारकंडा नदी में 23 हजार क्यूसिक पानी की मात्रा दर्ज की गई। मारकंडा नदी में पानी आने के कारण मारकंडा नदी के किनारे लगते गांव कठवा, कलसाना, मलकपुर, गुमटी, पट्टी जामड़ा, तंगौर और मुगलमाजरा में फसलों और जनजीवन पर भारी असर पड़ा है। मारकंडा नदी में आई बाढ़ से गांव कठवा और पट्टी जामड़ा में हालात बेहद खराब हो गए हैं। गांव कठवा में करीब 100 फुट लंबी सड़क का हिस्सा पानी में बह चुका है। इस रास्ते से स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और शहर आने-जाने वालों को लगभग 4 फुट गहरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।



**शाहबाद।** मारकंडा नदी में बहता पानी। *फोटो : हरिभूमि*

### टीमें हालात पर नजर बनाए हैं: एसडीएम

एसडीएम डॉ. चिनार चहल के नेतृत्व में टीमें हालात पर नजर बनाए हुए हैं और नदी के किनारे बसे गांवों में सरपंचों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मुनादी करवाकर लोगों को सतर्क करें और आवश्यक स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरण सुनिश्चित करें। प्रशासन ने चेतावनी जारी की है कि जब तक जलस्तर सामान्य नहीं हो जाता, लोग नदी किनारे जाने से परहेज करें। बाढ़ संभावित क्षेत्रों के निवासियों से कहा गया है कि वे जरूरत पड़ने पर तुरंत राहत कैंपों में शिफ्ट हो जाएं। गेज रीडर रविंद्र ने बताया कि रविवार अलसुबह के बाद पहाड़ों में बारिश नहीं हुई, इसलिए वहां नदी में रात से पानी कम होना शुरू हुआ है। अब जल्द पानी शाहबाद में भी कम हो जाएगा।

### कई घर जलमग्न

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले सात दिनों से छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि बड़े बच्चों को ट्रैक्टरों की मदद से पानी पार करवाया जा रहा है। वहीं गांव पट्टी जामड़ा में स्थिति और भी खराब है। यहां का सरकारी स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र और कई घर पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। ग्रामीणों को घर छोड़कर मारकंडा मंदिर और अन्य ऊंचे स्थलों पर शरण लेनी पड़ रही है। वही मारकंडा नदी के किनारे बसे मारकंडा बस्ती बाजीगर कॉलोनी में भी पानी भर गया है जिससे मारकंडा कॉलोनी के और बाजीगर कॉलोनी के लोग अपने बच्चों सहित मारकंडा मंदिर में डेरा डाले हुए हैं। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील गांवों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है।

## करनाल की बेटी ऋषिता डांग ने ताइक्वांडो में जीता रजत पदक

**करनाल।** करनाल की बेटी और प्रतिभाशाली खिलाड़ी ऋषिता डांग ने जिले का नाम एक बार फिर रोशन किया है। सिरसा में आयोजित द्वितीय हरियाणा राज्य सब जूनियर एवं सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में ऋषिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 15 से 18 अगस्त तक चली, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से 250 से अधिक खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। ऋषिता इस समय क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, दिल्ली-एनसीआर से बी.ए. (मीडिया एवं पब्लिक अफेयर्स) तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। छोटी उम्र से ही उन्होंने ताइक्वांडो में रुचि दिखाई और कोच मनीष कुमार के मार्गदर्शन में लगातार मेहनत की। पदक जीतने के बाद परिवार, गुरुजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी इस उपलब्धि पर हरियाणा ताइक्वांडो स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव विनोद सैनी, चैंपियंस अकादमी के निदेशक एवं कोच मनीष कुमार और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के खेल समन्वयक विवेक सैन ने बधाई दी और कहा कि ऋषिता आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगी।




## कुटा चुनाव में प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ और डॉ. नरेश सागवाल के बीच सीधी टक्कर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन रहा। कुटा का चुनाव 26 अगस्त को होगा। चुनाव में करीब 332 मतदाता शिक्षक अपने वोट के जरिये फैसला करेंगे। नामांकन वापस लेने के बाद अब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का चुनावी दंगल पूरी तरह से सज चुका है।

प्रधान पद के लिए डॉ. जीतेंद्र खटकड़ और डॉ. नरेश सागवाल के बीच सीधी टक्कर होगी। वहीं उप प्रधान पद के लिए डॉ. विजय कुमार द्वारा नामांकन वापस लिए जाने पर अब डा. सुधीर कुमार व डा. विजय कुमार के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए डा.संजय कुमार और डा. सुरेंद्र कुमार के बीच मुकाबला होगा। सह सचिव पद पर केवल एक ही नामांकन रहने के चलते डा. लता खेड़ा निर्विरोध चुना जाना तय है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए भी केवल एक ही नामांकन रहने के चलते डा. राजवीर सिंह का निर्विरोध चुना जाना तय है। बतां दे कि कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. लता खेड़ा, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. रमेश कैत व डॉ. सतीश कुमार ने नामांकन भरा था।

### करियर में कौशल एवं आत्मविश्वास जरूरी : प्रो. सुनील ढींगरा

**कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 4 लाख वार्षिक का पैकेज**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 7 एवं 8 अगस्त को प्रबंधन प्रशिक्षु कार्यक्रम के लिए दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि करियर में उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों में कौशल विकास एवं आत्मविश्वास होना बहुत जरूरी है। इस ड्राइव में 4 लाख वार्षिक के आकर्षक पैकेज की पेशकश की गई, जिसमें 25 एमबीए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जेएम बैक्सी की चयन समिति में कमल ग्रोवर, वैभव अग्रवाल, रोहित और रोहित ने अपने औद्योगिक अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा किया तथा साक्षात्कार एवं विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद योग्य प्रतिभाओं का चयन किया।

## बाइक सवार स्नेचर्स ने युवक के गले से छीना सोने का लॉकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार स्नेचरों पर किया केस दर्ज

गांव सुघ के पास बाइक सवार दो स्नेचर्स ने एक युवक के गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक सवार दो स्नेचर्स के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव सुघ निवासी राजकुमार ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गत 17 अगस्त को रात आठ बजे गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक है। जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपी युवक उसके गले से सोने का लॉकेट छीन कर फरार हो गए। उसने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। मगर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सुसर-दामाद ने की थी 15 लाख की चोरी

**सुसर गिरफ्तार ढाई लाख रुपये बरामद, दामाद पेशेवर अपराधी**

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी हैंडलूम व्यापारी अमित के घर से 15 लाख रूपए चोरी की वारदात का पर्दाफास कर गिरोह के आरोपी इश्तियाक निवासी शांति कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि थाना चांदनी बाग में न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अमित की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं पुलिस की पूछताछ में आरोपी इश्तियाक ने बलजीत नगर निवासी अपने दामाद दिलशाद उर्फ नोनू व उसके एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी इश्तियाक से चोरी की रकम में से 2.50 लाख बरामद किए है। फरार आरोपियों दिलशाद व इसके साथी की पुलिस ने तलाश शुरू कर है। दिलशाद पेशेवर अपराधी इस पर 12 अपराधिक केस दर्ज है।

## जिला पुलिस अधीक्षक गोयल ने जिलेवासियों को किया सतर्क

**साइबर ठगी से बचाव के लिए सतर्क रहने का आहवान**

# टैक्स रिफंड के नाम पर क्लिक करते ही आपका खाली हो सकता है खाताः गोयल

### जिला पुलिस प्रशासन ने जारी की विशेष एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए नए नए तरीके इजाद करने में लगे हैं। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों को गंभीरता से सतर्क करते हुए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने स्पष्ट कहा कि टैक्स रिफंड का झांसा देकर भेजे गए किसी भी ई.मेल या लिंक पर क्लिक करना सीधे सीधे अपने बैंक खाते की चाबी ठगों को सौंपने जैसा है। उन्होंने जिलेवासियों को साइबर ठगों की ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने के लिए आहवान किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि हाल ही में साइबर ठग इनकम टैक्स विभाग के नाम से फर्जी ई.मेल भेज रहे हैं। इनमें टैक्स रिफंड, पेनल्टी भुगतान या दस्तावेज सत्यापन जैसे बहाने बनाकर एक लिंक भेजा जाता है। जैसे ही व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है।

### नागरिकों का सतर्क और जागरुक रहना जरुरी



**यमुनानगर।** साइबर ठगों से बचाव को लेकर जारी की गई एडवाइजरी के बारे में जानकारी देते एसपी कमलदीप गोयल।

*पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि साइबर ठग लगातार नई नई तरकीबें अपनाकर लोगों को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। इन अपराधों से बचने का सबसे मजबूत हथियार नागरिकों की सतर्कता और जागरूकता है। उन्होंने सभी से किसी भी संदिग्ध ई.मेल, कॉल या मैसेज की तुरंत सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में दिए जाने की अपील की।*

### मोबाइल व कंप्यूटर हो सकता है हैक

उसका मोबाइल व कंप्यूटर हैक हो सकता है और बैंक खाता, पासवर्ड, ओटीपी व अन्य संवेदनशील जानकारी तुरंत अपराधियों के कब्जे में चली जाती है। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि आयकर विभाग कभी भी ई.मेल, व्हाट्सएप या कॉल के जरिए पासवर्ड, ओटीपी या बैंक विवरण नहीं मांगता है।

### अटैचमेंट न खोलें

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि यदि ऐसा कोई संदेश प्राप्त होता है तो तुरंत उसे अनदेखा करें। लिंक या अटैचमेंट न खोलें और स्त्रोत की पुष्टि केवल आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से ही करें।

## केयू के जनसंचार संस्थान में विश्व फोटोग्राफी दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान एवं युवा और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस पर जनसंचार संस्थान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस विशेष कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्त महाबीर प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल बतौर विशिष्ट अतिथि तथा प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में हरियाणा के प्रतिष्ठित इतिहासकार रणबीर सिंह फोगाट, केयू ललित कला विभाग के डॉ. पवन कुमार व डॉ. आनन्द जायसवाल मौजूद रहेंगे।

### प्रदर्शनी लगाई जाएगी

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सुंदरता थीम को लेकर प्रतिभागी छात्रों द्वारा एक फोटोग्राफी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके साथ फोटोग्राफी विषय पर एक विशेष व्याख्यान भी आयोजित होगा। इस फोटोग्राफी प्रदर्शनी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए विशेष आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि ह्यविश्व फोटोग्राफी दिवसह्ल के अवसर पर प्रतिभागी विजेताओं को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार 3100 रुपए, द्वितीय 2100 रुपए, तथा तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए तथा दो सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक 500 रुपए विजेता प्रतिभागी को दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### शो रूम से सामान चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**यमुनानगर।** फर्नीचर के शो रूम से हजारों रुपये का सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस ने रिमांड पर ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों के बारे में जानकारियां मिलने की उम्मीद है। थाना फरकपुर प्रबंधक जनकराज ने बताया कि ममीदी निवासी रोहित ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसने रादौर मार्ग पर गांव में फर्नीचर शोरुम बना रखा है।

### घर से नकदी-फोन चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ की टीम ने घर में से मोबाइल व नगदी समेत अन्य सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने पूछताछ में चोरी की दो वारदातें करने का खुल्लासा किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई नगदी, मोबाइल फोन व आभूषण बरमाद किए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ चोरी के पहले भी तीन मुकदमे दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन है।

### विधायक ने 56.42 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# विकास कार्यों की सामग्री में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यानः घनश्याम दास

**पेयजल, पक्की गलियां, नालियां, सीवर लाइन व बिजली सभी नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सोमवार को शहर के वार्ड नंबर 16 में 56.42 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। मौके पर मेयर व पार्षद संदीप धीमान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर गणमान्य ने सिटी विधायक का स्वागत किया। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि वार्ड नंबर 16 की बावा कालोनी में 26.12 लाख की लागत से पक्की गली व आरसीसी नाले का निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। वहीं, जोगिंद्र नगर में 30.30 लाख रुपये की लागत से विभिन्न गलियों व अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने के कार्य किए जाएंगे।



यमुनानगर। वार्ड नंबर 16 में विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन करने के दौरान सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का स्वागत करते हुए गणमान्य।

विधायक ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित समय अवधि में विकास कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल, पक्की गलियां, नालियां, सीवर लाइन व बिजली सभी नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताएं है। इन सभी आवश्यकताओं को पूरा कराने के लिए हम प्रयासरत हैं। हमारा प्रयास शहर की हर नियमित कॉलोनी में पक्की गलियों, नालियों, बिजली व पेयजल की व्यवस्था कराना है। जिन भी नियमित कॉलोनी में ये सुविधाएं नहीं हैं। उन सभी में जल्द से जल्द ये सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हमारी सरकार को आमजन की चिंता है। वह उन्हें हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। लोगों को हर सुविधा मिले। इसके लिए वे लगातार निगम और प्रशासन के साथ समन्वय में कार्य कर रहे हैं। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हमारा संकल्प सभी वार्डों का सतत विकास और जनता की सुविधाओं का विस्तार करना है।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर निगम अभियंता सुरेंद्र दहिया, जेई अरविंद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। बारिश में सड़कों से गुजरते वाहन।

# यमुनानगर में बरसात का नहीं थम रहा प्रकोप

- सोमवार को भी जिले में कई स्थानों पर हुई बारिश
- बारिश से जिले के तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में सोमवार को भी सुबह के वक्त कई स्थानों पर बारिश होने से जनजीवन प्रभावित रहा। इस दौरान जिले में रादौर, जठलाना समेत अन्य स्थानों पर कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। जिसकी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

सोमवार तड़के चार बजे के करीब आसमान में बादल गर्जने लगे और बिजली कड़कने लगी। इसके कुछ देर बाद जिले के कई स्थानों पर बारिश शुरु हो गई। खास बात यह रही कि जिले में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। जिससे सुबह नौ बजे तक जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। वहीं, सड़कों पर एक दिन पहले तेज बारिश से भरे पानी में सोमवार को हुई बारिश से इजाफा हुआ और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा क्षतिग्रस्त सड़कों पर बने गड्ढों में पानी व कीचड़ बनने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों पर चलना वाहन चालकों के लिए दिन भर मुसीबत का कारण बना रहा।

#### तापमान में आई गिरावट

जिले में सोमवार को हुई बारिश से जिले का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन मौसम खुलने के आसार नहीं हैं।।

# पूर्व राज्यपाल स्व. सत्यपाल मलिक ने हमेशा किसानों की आवाज को किया बुलंदः-चढ़ूनी

- अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने श्रद्धांजलि सभा में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन(चढ़ूनी) के बैनर तले सोमवार को जगाधरी नई अनाज मंडी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे स्व. सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी व पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यता यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने की। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि पूर्व राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे स्व. सत्यपाल मलिक ने हमेशा ही किसानों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कभी भी राष्ट्रविरोधी बातें नहीं की। बल्कि सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया। इसी कारण उन्हें मरणोपरांत भी राजकीय सम्मान से वंचित रखा गया।



यमुनानगर। जगाधरी नई अनाज मंडी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन धारण कर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए भाकियू से जुड़े किसान और वक्ता।

#### पुलवामा आतंकी हमले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी

चढ़ूनी ने कहा कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने हमेशा जनता और किसानों की आवाज बुलंद की। जब देशभर में किसान आंदोलन चल रहा था। तब राज्यपाल के पद पर रहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करने की सलाह दी थी। कहा कि यह उनकी ईमानदारी और किसानों के प्रति लगाव को दर्शाता है। पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर के राज्यपाल रहते सत्यपाल ने पुलवामा आतंकी हमले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम करें स्थापित

### संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

- सेठ जयप्रकाश मुकंदलाल आईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में टेक्नोलॉजी शोकेस गतिविधि का किया आयोजन
- विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में आकर्षक मॉडल किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सेठ जयप्रकाश मुकंदलाल आईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में सोमवार को प्रयास एवं टेक्नोआर्ट रोबोटिक्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में टेक्नोलॉजी शोकेस गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक मॉडल्स प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के डॉ. प्रेरणा गर्ग व डॉ. नेहा चाचरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में प्रयास एवं टेक्नोआर्ट रोबोटिक्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में टेक्नोलॉजी शोकेस गतिविधि का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना तथा उन्हें अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई संभावनाओं से परिचित कराना रहा। बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपनी सृजनशीलता का परिचय देते हुए अनेक आकर्षक एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष अनुसंधान, उपग्रह तकनीक, रॉकेट प्रक्षेपण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स तथा आधुनिक विज्ञान की विभिन्न अवधारणाओं को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया। प्रतिभागियों ने बताया कि उनके ये मॉडल न केवल शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी हैं। बल्कि भविष्य में भारत की वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी विकास की दिशा में योगदान दे सकते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि संस्थान सदैव विद्यार्थियों को नए अवसर उपलब्ध कराने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



यमुनानगर के सेठ जयप्रकाश मुकंदलाल आईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में रोबोट प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### देश को तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने में योगदान देंगे

उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयासरत रहने और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भी विद्यार्थी इसी तरह नवीन विचारों के माध्यम से भारत को तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने में योगदान देंगे।

# सीआईए टू ने पांडों के पास से युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की सीआईए टू पुलिस टीम ने साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव पांडों के पास से एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने जिस व्यक्ति से देसी कट्टा खरीदा था उस सप्लायर को भी पुलिस गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार सीआईए टू के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक गांव पांडों मोड़ साढौरा के पास अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल, मुख्य सिपाही विकास, सुल्तान, संजय, संजीव की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। जब उसकी तलाश ली गई तो उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में जिसकी पहचान गांव कलावड निवासी अवनीश उर्फ कन्नू पुत्र कवर पाल के नाम से हुई। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसने यह देसी कट्टा अपने ही गांव के दुष्यंत से खरीदा था। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी दुष्यंत को भी गिरफ्तार किया।



यमुनानगर। सीआईए टू पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी युवक।

# रादौरः समाज में आपसी सहयोग और नैतिकता होती जा रही खत्मः राजेंद्र

- प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रादौर में समाज में अमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में समाज में अमन शांति और सोहार्द जैसे विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें थाना जठलाना प्रभारी राजेंद्र सिंह जठलाना मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे। मुख्यातिथि एवं थाना जठलाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज का युवा विकारों व नशे का शिकार होता जा रहा है। जिस कारण उनके अंदर और समाज में आपसी सहयोग नैतिकता खत्म होती जा रही है। सबको मिलकर इन कमियों को दूर कर देश व समाज को सशक्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने ब्रह्मकुमारियों की सराहना करते हुए कहा कि इन महान आत्माओं की पवित्रता त्याग और तपस्या को नमन करना चाहिए। ब्रह्माकुमारी रादौर सेवा केंद्र की संचालिका बीके गीता ने कहा कि भारत भूमि परमात्म अवतरण भूमि है और हम सब भाग्यशाली हैं। जो हमने भारत भूमि पर जन्म लिया है। उन्होंने वीर जवानों के त्याग व बलिदान को याद करते हुए तथा स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ बताते हुए कहां की सच्ची स्वतंत्रता है कि हम जो चाहे वह हम कर सकेए तो आज हम बाहरी रूप से तो आजाद हैं। लेकिन मन के गुलाम बन चुके हैं। तभी हमें जरूरत है अपने मन और बुद्धि का कनेक्शन परमपिता परमात्मा से जोड़कर जोड़कर अपने मन को विकारों की गुलामी से आजाद करने की। ब्रह्माकुमारी आंचल ने सभी से प्रतिज्ञा करवाई कि हम सब अपने मन को व्यर्थ व नकारात्मक विचारों से मुक्त करके इस भारत भूमि को फिर से स्वर्णिम भारत बनाने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर सुधीर बंसल, प्रमोद बंसल, मदन चोपड़ा, दीपक मौजूद हरे।



यमुनानगर। प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते एसएचओ व अन्य।

# शिविर में 207 यूनिट रक्त एकत्रित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला बाल कल्याण परिषद यमुनानगर द्वारा बाल भवन परिसर में थैलेसीमिया की बीमारी से पीड़ति बच्चों के लिए रक्तदान और स्टेम सेल के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 207 यूनिट रक्त एकक्षित किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि यह शिविर उन बच्चों को समर्पित है जिन्हें थैलेसीमिया की बीमारी के कारण बार.बार रक्त की जरूरत होती है। बाल भवन परिसर में स्टेम सेल के पंजीकरण और टेस्ट भी किए गए। ताकि यदि किसी दानी सज्जन का सलाइवा का टेस्ट थैलेसीमिया के बच्चे के टेस्ट से मैच कर जाता है तो उसे स्टेम सेल देकर इस थैलेसीमिया के रोग से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा बाल कल्याण परिषद बच्चों के कल्याणार्थ हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रहा है। थैलेसीमिया रोग से ग्रस्त बच्चों के लिए यह योगदान जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से हुआ है।

### पंजाबी एकता मंच रादौर द्वारा कस्बा की धर्मशाला में आयोजित किया कार्यक्रम

# अमर बलिदानी मदनलाल ढींगड़ा का बलिदान दिवस मनाया

- मंच के सदस्यों ने बलिदानी मदनलाल ढींगड़ा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पंजाबी एकता मंच रादौर के तत्वावधान में सोमवार को कस्बा की धर्मशाला में अमर बलिदानी मदनलाल ढींगड़ा का बलिदान दिवस मनाया गया। मंच के सदस्यों ने बलिदानी मदनलाल ढींगड़ा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की।

मंच के वरिष्ठ सदस्य सुशील बत्रा, कृष्ण मक्कड़ व अमित कांबोज ने बताया कि अमर बलिदानी मदन लाल ढींगड़ा का नाम स्वतंत्रता सेनानियों में एक प्रेरक के रूप में लिया जाता हैं। अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लाहौर में पूरी करने के बाद ये आगे पढ़ने के लिए लंदन गए वहां लन्दन यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पढ़ने के लिए दाखिला लिया। वहां इनका संपर्क लंदन के इंडिया हाउस में महान क्रांतिकारी वीर सावरकर व श्याम जी कृष्ण वर्मा से हुआ। उन्हीं से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराने की कसम खाई। एक रिटायर्ड अंग्रेज अधिकारी कर्नल विलियम वायली जो भारतीयों से विशेष घृणा करता था।

उसकी घृणा पूर्ण हरकतों की वजह से मदन लाल ढींगड़ा ने उसको स्वयं ही मारने का निर्णय ले लिया। 1 जुलाई 1909 को मदनलाल ढींगड़ा ने एक कार्यक्रम में वायली पर गोलियों की बौछार कर दी और अंग्रेज वायली मौके पर मारा गया। इस हत्याकांड के बाद अंग्रेज सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर मात्र 25 वर्ष की आयु में 17 अगस्त 1909 को फांसी पर चढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि अमर बलिदानी मदनलाल ढींगरा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित कार्यक्रम में शहीद मदनलाल ढींगड़ा को श्रद्धांजलि भेंट करते मंच के सदस्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. बलदेव सैनी, मास्टर सत्यदेव आर्य, परविंदर अरोड़ा, गुरदयाल सैनी, राधा कृष्ण अरोड़ा, गुलशन अरोड़ा बकाना, हरीश मेंहदीरत्ता, कोमल अरोड़ा, कृष्ण मक्कड़, सुनील मटिया, ईश्वर झांब आदि मौजूद रहे।

# लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जीवन शैली में लाएं बदलावः संजय

**रादौर।** रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को विद्यार्थियों के लाभार्थ मन पर नियंत्रण की कला विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सत्र से विद्यार्थियों पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के पूर्व छात्र संजय सिंह ने भाग लिया। सेमिनार में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के पूर्व छात्र संजय सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए जीवन शैली में बदलाव लाने की जरुरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को विकास में योगदान देने की बात कही। उन्होंने कई ऐसे सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। जिससे छात्रों के जीवन में जीवन जीने के प्रति आशावादी दृष्टिकोण बने। प्रथम वर्ष अभियांत्रिकी के कुल 400 विद्यार्थियों ने सेमिनार में भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि आज के मौजूदा समय को देखते हुए सभी को जीवन शैली को सकारात्मक बदलाव लाने होंगे। इसके लिए कोई बाहर से नहीं आएगा। हमें खुद से अपनी शक्तियों को समाहित कर सही दिशा देनी होगी। उन्होंने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को आवश्यक जीवन कौशल, तनाव प्रबंधन तकनीकों व मानसिक स्वास्थ्य रणनीतियों से सशक्त बनाना रहा।



जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित सेमिनार में विचार रखते मुख्य वक्ता।

**खबर संक्षेप**



### 90 लोगों को जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां दी

**लाडवा।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। लाडवा हल्के के गांव निवारसी में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। इन शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 90 लोगों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां दी गई।

### शहीद मदनलाल ढींगरा को किया याद

**कुरुक्षेत्र।** देश के विभिन्न राज्यों से घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए प्रेरणा वृद्धाश्रम में आश्रय लेने वाले बुजुर्गों एवं प्रेरणा संस्था के सदस्यों ने शहीद मदनलाल ढींगरा को श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। प्रेरणा वृद्धाश्रम में अमर शहीद मदनलाल ढींगरा का बलिदान दिवस मनाया गया। सभी ने अमर शहीद को बहुत भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि मदनलाल ढींगरा का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### नेशनल लोक अदालत 13 को होगी आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से जिला न्यायालय में 13 सितम्बर 2025 को सभी स्तरों पर तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए नालसा हेल्पलाइन नं. 15100 पर संपर्क कर सकते है।

### रैगिंग के खिलाफ जागरूकता जरूरी : शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि रैगिंग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना जरूरी है ताकि विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित एवं समावेशी शैक्षणिक माहौल बन सके। उन्होंने कहा कि यूजीसी के निर्देशानुसार विभाग में इस विषय पर प्रतिभागियों ने मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुति दी। वहीं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## ओपीडी में प्रतिदिन 1200 मरीजों की संख्या बढ़कर 1400-1500 तक पहुंची

# मौसम में बदलाव से बिगड़ने लगी सेहत अस्पतालों में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बदलते मौसम के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। जिला अस्पताल में ओपीडी में बुखार, खांसी, जुकाम, गले में खराश और दर्द जैसी बीमारियों के मरीज बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम में बदलाव के कारण लोग आसानी से बीमार पड़ रहे हैं, खासकर दूषित भोजन और पानी के सेवन से। जिला अस्पताल की ओपीडी में, मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि देखी गई है। अस्पताल में तीन दिन की छुट्टी के बाद मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। जहां पहले प्रतिदिन एक हजार से 1200 तक मरीज ओपीडी में आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1400-1500 प्रतिदिन हो गई है। मौसम में आए बदलाव को इस वृद्धि का प्रमुख कारण माना जा रहा है। बदलते मौसम के कारण, बुखार, खांसी, जुकाम, गले में खराश और दर्द जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में बाहर का तला-भुना खाना और दूषित पानी पीने से बचना चाहिए। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, साफ-सफाई का पालन करें और दूषित भोजन और पानी से बचें। छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव चावला ने बताया कि बारिश के मौसम में वायरल के मरीज अधिक रहे हैं। बारिश के बाद अचानक उमस भरी गर्मी ने लोगों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। अस्पताल में सर्दी, जुकाम और वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। विशेष रूप से श्वास संबंधी रोगों से पीड़ित मरीजों को अत्यधिक ठंड और गर्मी के कारण गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, मौसमी बदलाव ने श्वास रोगियों की स्थिति को और जटिल कर दिया है, जिससे उनकी संख्या में भी इजाफा हुआ है। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मौसमी बीमारियों के लक्षण दिखते ही तुरंत अस्पताल पहुंचकर इलाज कराएं, ताकि स्थिति गंभीर होने से बच सके। खासकर श्वास रोगियों को सलाह दी गई है कि वे मौसम के इस उतार-चढ़ाव में विशेष सावधानी बरतें और चिकित्सक की सलाह का पालन करें।



कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल में पंजीकरण लाइन में लगे मरीज।

### अपनी इम्यूनिटी को मजबूत रखें संतुलित आहार ले : डा. अनुराग



श्रीबाला जी आरोग्यम अस्पताल के प्रभारी डा. अनुराग कौशल ने बताया कि लोगों को चाहिए कि ज्यादा देर तक बारिश में न भीगे क्योंकि यह बदलते मौसम का समय है। इस दौरान हल्का बुखार, खांसी, जुकाम जैसी बीमारियां अधिक परेशान करती हैं। बारिश के दौरान एसी का कम प्रयोग किया जाए। ठंडी चीजें कम खाएं और ठंडे कमरे या एसी के कमरे से निकलकर अचानक धूप में न जाएं। कुछ देर कमरे से बाहर छांव में खड़े रहकर शरीर का तापमान सामान्य करना चाहिए। हाथों को बार-बार धोना और साफ-सफाई का ध्यान रखना बीमारियों से बचने में मदद करता है। मौसम के अनुसार फल और सब्जियों का सेवन करें और अपनी इम्यूनिटी को मजबूत रखें। अधिक से अधिक पानी पिएं। तले खाद्य पदार्थ से परहेज करे। हल्का और ताजा भोजन करें। किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत डाक्टर से संपर्क करे। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को ठंडे-गर्म खानपान से बचाएं और पर्याप्त पानी पिलाएं।

## भ्रूणहत्या के खिलाफ आशा वर्कर्स यूनियन गांवों को करेगी जागरुक

- 1 सितम्बर को प्रदेशभर में चलाए जाएंगे दो जत्थे, 25-26 को होगा कुरुक्षेत्र में समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भ्रूण हत्या के खिलाफ सेमिनार में मास्टर दयानंद, लायर्स यूनियन नेता राजविंदर सिंह चन्दी, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश, कामरेड रोशन लाल, सीटू जिला सचिव अनिल कुमार, कामरेड भीम सिंह सैनी व आशा वर्कर्स यूनियन नेताओं ने भ्रूणहत्या के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा कि हम समाज से आह्वान करते है कि बेटियों के जीवन के अधिकार को सुरक्षित और सम्मानित किया जाए। भ्रूणहत्या न केवल कानूनन अपराध है बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक संतुलन पर भी गंभीर चोट करती है। राज्य उपप्रधान रानी देवी, जिला प्रधान मनजीत, जिला सचिव पिंकी ने कहा कि आशा वर्कर्स लंबे समय से गांव-गांव, गली-गली स्वास्थ्य और जन-जागरूकता के लिए कार्य कर रही हैं। हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि भ्रूणहत्या जैसी कुप्रथा को समाप्त किए बिना समाज में समानता और प्रगति संभव नहीं है। हर बेटी का जन्म समाज की समृद्धि और उज्जवल भविष्य की गारंटी है। जिला व राज्य उपाध्यक्ष रानी देवी ने कहा कि आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर 1 सितम्बर से पूरे हरियाणा में दो जत्थे चलाए जाएंगे जो कि गांव गांव जाकर बैठक करते हुए भ्रूण हत्या के खिलाफ लोगों को जागरूक करेंगे व दोनों जत्थे 25 सितंबर को कुरुक्षेत्र में पहुंच कर सभाएं करते हुए 26 सितंबर को सीएम हाउस पर समापन करेंगे। इस अवसर पर उषा, कुशमलता, रजनी , अमना, रितु, हरदीप, सर्व कर्मचारी संघ से सुरेन्द्र यादव, थानेसर ब्लाक प्रधान विशाल, अशोक, अंग्रेज मौजूद रहे।

### अहंकार मनुष्य का शत्रु : स्वामी मुक्तानंद



**कुरुक्षेत्र।** ज्योतिसर स्थित श्रीगीता कुंज आश्रम बद्रीनारायण मंदिर में रात्रि को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्वामी मुक्तानंद जी महाराज एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंज्यूमर कोर्ट की अध्यक्ष डॉ नीलिमा शांगला ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने लिखित रूप में संदेश देते हुए कहा कि वे गौ भक्त और गौ पालक थे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है।

## कर्मचारी करेंगे सरकार की गलत नीतियों का विरोध : ओमप्रकाश

*सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी की बैठक आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजि नं 41. मुख्यालय चरखी दादरी सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी कुरुक्षेत्र की एक मीटिंग यूनियन कार्यालय पब्लिक हेल्थ में अनील कुमार जिला प्रधान की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव छत्रपाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान ओमप्रकाश व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य डिप्टी जरनल सैक्रेटरी संदीप सांगवान ने बताया कि सरकार रेशनेलाईजेशन के नाम पर तीनों विभागों में कर्मचारियों के पदों में कटौती कर विभागों को सिकोड़ना बंद करें। टर्म अपवाईटी पंचायती ओपरेटर व सभी प्रकार के अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करो तथा नियमितिकरण तक सेवा सुरक्षा बिल के दायरे में सेवा सुरक्षित की जाए। एचकेआरएन के हटाए गए कर्मचारियों को वापस नौकरी पर लो तथा एचकेआरएन पर अपडेट होने से वंचित कर्मचारियों को अपडेट करें। जब तक सरकार मांगों का समाधान नहीं करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारी सरकार की गलत नीतियों का विरोध करेंगे। इसी कड़ी में 19 को कैथल एस.सी. दफ्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान ओमप्रकाश।

### अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता बने सुमित गर्ग

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार का विस्तार किया है। अग्रवाल वैश्य समाज के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने और समाज के विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन का विस्तार करते हुए श्रीनिवास गुप्ता बहादुरगढ़, एमपी जैन सफीदों, विनोद सिंगला कैथल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है। जानकारी देते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि इनके अलावा अमरनाथ गुप्ता पानीपत, राजेश अग्रवाल फरीदाबाद, अतुल गर्ग पंचकूला, सत प्रकाश गर्ग समालखा व प्रमोद बंसल झज्जर को उपाध्यक्ष तथा मुकेश बंसल भिवानी को उप महासचिव बनाया गया है।

## बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा में विशाल समारोह का आयोजन

अमरनाथ यात्रा के दौरान भंडारा लगाने वाली संस्थाओं को सम्मानित करने हेतु श्रीअमरनाथ यात्रा भंडारा आर्गेनाइजेशन सायबो द्वारा श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा में विशाल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं श्रीअमरनाथ जी श्राईन बोर्ड के चेयरमैन मनोज सिन्हा विशेष तौर पर मौजूद रहे। समारोह में अमरनाथ यात्रा के दौरान भंडारा लगाने वाली अनेक संस्थाओं को प्रशंसा पत्र भेंट किए गए। इसी कड़ी में बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र को भी माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र पिछले 10 वर्षों से बालटाल में भंडारे की सेवा कर रहा है। बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र की ओर से सचिव अजय गुप्ता ने प्रशंसा पत्र प्राप्त किया। अजय गुप्ता ने बताया कि मंडल की ओर से बहुत ही सेवा भाव से अमरनाथ यात्रियों की सेवा के लिए लंगर का आयोजन पिछले 10 वर्षों से किया जा रहा है।



कुरुक्षेत्र। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से प्रशंसा पत्र प्राप्त करते बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र के सचिव अजय गुप्ता।



कुरुक्षेत्र। कोआपेरिटव बैंक के चेयरमैन सुभाष चंद सैनी व अन्य।

### सुभाष चंद सैनी सर्वसम्मति से बने कोआपेरिटव बैंक के चेयरमैन

**कुरुक्षेत्र।** सुभाष चंद्र सैनी दी कुरुक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन चुने गए हैं। सुभाष चंद्र सैनी सर्वसम्मति से चेयरमैन चुने गए हैं। गौरव कुमार को वाइस चेयरमैन चुना गया है। सुभाष चंद्र सैनी के बैंक का चेयरमैन चुने जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। जैसे ही समर्थकों को सुभाष चंद्र सैनी के दी कुरुक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने की सूचना मिली तो उन्होंने सुभाष चंद्र सैनी का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। चेयरमैन व वाईस चेयरमैन का चुनाव रिटर्निंग अधिकारी कम उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सतीश रोहिला की देखरेख में हुआ। चेयरमैन के पद के लिए निदेशक सुरेश पाल ने सुभाष सैनी और निदेशक नरेंद्र सिंह ने वाईस चेयरमैन के लिए गौरव कुमार का नाम प्रपोज किया। जिसका सभी निदेशकों ने समर्थन किया। दूसरी ओर बैंक का अध्यक्ष चुने जाने पर सुभाष चंद्र सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश चंद्र सैनी, सैनी समाज के प्रधान गुरनाम सैनी, शाहबाद से भाजपा के प्रत्याशी रहे सुभाष कलसाना व जय भगवान शर्मा डीडी सहित भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

## हिसार में वाल्मीकि छात्रावास के लिए आर्थिक सहयोग जुटाएगी एसोसिएशन

- वाल्मीकि अम्बेडकर एम्प्लाइज एसो. हरियाणा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिमखाना क्लब में वाल्मीकि अम्बेडकर एम्प्लाइज एसोसिएशन हरियाणा की बैठक में एसोसियेशन के विस्तार, वित्तीय स्थिति एवं सामाजिक सहयोग जैसे विषयों पर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि दिसंबर 2025 तक प्रदेश के पाँच नए जिलों में एसोसिएशन की जिला शाखाएँ गठित की जाएंगी। साथ ही, एसोसिएशन की आय-व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। डीएससी कोर्ट केस को लेकर निर्णय लिया गया कि 25 सितंबर 2025 से पहले वकील से मिलकर जवाब तैयार कराया जाएगा, जिसमें सतपाल गोगलिया सहयोग करेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के \प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुभाष कागड़ा ने कहा कि वाल्मीकि अंबेडकर एंप्लाइज एसोसिएशन, हरियाणा द्वारा वंचित अनुसूचित जाति (डी. एस. सी) आरक्षण को मई, 2005 से लागू करवाने, हरियाणा में जिस भी क्षेत्र में अनुसूचित जाति का आरक्षण लागू है, उन सभी क्षेत्रों में वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) आरक्षण लागू करवाने तथा डीएससी आरक्षण का शिक्षा में आरक्षण की तर्ज पर एक्ट बनवाने के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा समिति, हिसार के छात्रावास हेतु जमीन खरीद में सहयोग के लिए एसोसिएशन की ओर से कर्मचारियों से आर्थिक सहयोग की अपील की गई। यह राशि एसोसिएशन के खाते में एकत्रित की जाएगी और बाद में दानी साथियों की नाम सूची सहित संस्था को चेक द्वारा प्रदान की जाएगी।



लाडवा। श्रीराम हनुमान रामलीला समिति के सदस्य अभ्यास प्रारम्भ करते हुए।

### श्रीराम हनुमान रामलीला समिति ने रामलीला मंचन का अभ्यास किया शुरू

**लाडवा।** श्रीराम हनुमान रामलीला समिति ने रामलीला मंचन के लिए अभ्यास शुरू कर दिया। समिति सचिव हेमंत सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति समिति द्वारा 18 सितंबर से ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर रामलीला ग्राउंड में रामलीला मंचन प्रारंभ किया जाना है, जिसके लिए कलाकारों ने अभ्यास की रिहर्सल शुरू कर दी गई। प्रथम दिवस भगवान गणेश, माता सरस्वती व श्री राम चरितमानस की पूजा-अर्चना के साथ विधिवत रूप से अभ्यास प्रारंभ किया गया। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने उद्देश्य बताते हुए कहा कि भगवान राम का चरित्र पूरे समाज के लिए न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि किसी भी इंसान को उसूलों और मूल्यों पर चल कर संसार में आगे बढ़ना और रिश्तों को कायम रखना सिखाता है। इसलिए ऐसे चरित्र का मंचन करना और विशेष रूप से बच्चों व युवा पीढ़ी को उनके बारे में बताना व दिखाना सौभाग्य का विषय है। समिति के निदेशक कुश गर्ग ने कहा कि रामलीला मंचन के लिए अभ्यास के पहले दिन ही इतने कलाकारो का पहुंचना उनके जोश को प्रदर्शित करता है और हर कलाकार का कोई भी पात्र निभाने का वादा उनका प्रभु राम के प्रति उनके समर्पण का बेहतरीन उदाहरण है।



### ब्रह्माकुमारीज सेक्टर-13 में आध्यात्मिकता और भव्यता के साथ मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर-13 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्ष, उल्लास और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने उमंग-उत्साह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संपूर्ण वातावरण ह्यराधे-कृष्णह्व के भजनों से गूंज उठा। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकियां रहीं, जिनमें बच्चों ने राधा-कृष्ण एवं लक्ष्मी-नारायण का जीवंत स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्नों ने श्रीकृष्ण भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सेंटर पर विशेष रूप से श्रीकृष्ण का सुंदर झूला सजाया गया, जिसे देखकर सभी श्रद्धालु आनंदित हो उठे। अंत में सभी ने मिल कर श्री कृष्ण को झूला झुलाया और आध्यात्मिक सुख का अनुभव किया। मुख्य वक्तव्य में बीके शकुंतला दीदी ने कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि दिव्य गुणों के सजीव प्रतीक हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं, बच्चे और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें सभी ने आध्यात्मिक और आत्मिक आनंद का अनुभव किया। इस अवसर पर बीके रीना, बीके सीमा सहित सी.पी. गुप्ता, रोशन लाल मित्तल, जसबीर सैनी, रमेश जैन, निर्मल मित्तल, उषा, आशा, रजनी विजय गर्ग सहित सेक्टर -13 के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | हर्षोल्लास के साथ हुआ गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में शिशु वाटिका भवन का भूमि पूजन

*आगामी सत्र 2026-27 में निकेतन शिशु वाटिका में प्रवेश प्रारम्भ होंगे*

# शिशु वाटिका में बच्चों को आधुनिक और संस्कारयुक्त शिक्षण वातावरण उपलब्ध करवाया जाएगा : घनश्याम

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र में धार्मिक वातावरण, वेद-मंत्रों की गूंज और आस्था से ओतप्रोत माहौल के बीच विद्यालय के शिशु वाटिका भवन का भूमि पूजन हर्षोल्लास और शंखनाद के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री देशराज शर्मा एवं विद्याभारती उत्तर क्षेत्र के संरक्षक प्रसिद्ध उद्योगपति अशोक पाल, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अत्री, हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा के अध्यक्ष डॉ ऋषिराज वशिष्ठ उपस्थित रहे। राष्ट्रीय महामंत्री देशराज शर्मा ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि गीता निकेतन में शिशु वाटिका से न केवल शिक्षा का नया अध्याय जुड़ेगा बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक जीवन पर आधारित संस्कारयुक्त शिक्षा का एक केन्द्र बनेगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ घनश्याम शर्मा ने शिशु वाटिका भवन की रुपरेखा और आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नन्हें बच्चों के लिए सुरक्षित आकर्षित और प्रेरणादाई शिक्षण स्थल उपलब्ध करवाना इस भवन का मुख्य उद्देश्य है। इसके अन्तर्गत स्मार्ट क्लास रुम, खेलकूद की सुविधाएं, पुस्तकालय तथा रचनात्मक गतिविधियों हेतु अलग-अलग इकाईयां स्थापित की जाएंगी। विद्यालय की शिशु वाटिका में बच्चों को आधुनिक और संस्कारयुक्त शिक्षण वातावरण उपलब्ध करवाया जाएगा। यह प्रयास विद्यालय की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानाचार्य नारायण सिंह ने बताया कि शिशु वाटिका भवन विशेष रुप से नई शिक्षा नीति 2020 के मानदंडों के अनुसार तैयार किया जा रहा है। इसमें बालकों की जिज्ञासा, रचनात्मकता और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा। आगामी सत्र 2026-27 के लिए शिशु वाटिका में प्रवेश के लिए पंजीकरण अक्तूबर 2025 से प्रारम्भ हो जाएगा। भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने कर कमलों से भूमि में फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।



कुरुक्षेत्र। भूमि पूजन में शामिल अतिथिगण।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्षा डॉ ममता सचदेवा, प्रबंधक पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रणधीर वालिया, सदस्य अखिलेश गुप्ता, कृष्ण चन्द रंगा, हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, ग्रामीण शिक्षा समिति के अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंह, विद्या भारती कुरुक्षेत्र संकुल के सभी विद्यालयों के प्रबन्ध समिति और प्रधानाचार्यों, निकेतन परिवार के आचार्यों, कर्मचारियों, अभिभावकों के अलावा नगर के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। उज्ज्वल भविष्य की संकल्पना को आत्मसात करने वाला यह आयोजन शान्ति मंत्र एवं प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ।

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को रैगिंग के बारे में विस्तार से दी जानकारी

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सेल द्वारा एंटी रैगिंग डे मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. सोनिया ने रैगिंग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रैगिंग एक गंभीर आपराधिक कार्य है जिसके लिए कठोर कानूनी कार्रवाई जैसे जेल और संस्थान से निष्कासन जैसी सजाएं दी जा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को एंटी रैगिंग के विरुद्ध शपथ भी दिलवाई गई, जिसमें उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे किसी भी प्रकार की रैगिंग में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भाग नहीं लेंगी।

### बेसहारा पशु पकड़ने के अभियान ने दम तोड़ा

**अंबाला।** ट्विनसिटी बेसहारा गोवंश मुक्त करने का अभियान दम तोड़ गया है। न तो नगर परिषद इस अभियान के तहत गली-मोहल्ले में घूम रहे गोवंश को पूरी तरह से पकड़ पाया और न ही निगम की तरफ से, जबकि निगम की तरफ से गोवंश को सुल्लर गोशाला में भेजा जा रहा था। शाम होते ही बाजार, कॉलोनी व सेक्टरों में गोवंश का जमावड़ा लग जाता है। गोवंश को पकड़ने का कार्य न किए जाने पर नगर निगम ने एजेंसी को नोटिस जारी किया है। एजेंसी से निगम ने 24 घंटे में जवाब मांगा है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि अगर एजेंसी ने 24 घंटे में कार्य शुरू नहीं किया तो फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। नगर निगम में भी रोजाना बेसहारा गोवंश को लेकर शिकायत मिल रही हैं।

### 150 लीटर लाहन सहित काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल के गांव जैतपुरा से अवैध शराब बनाने व बेचने के मामले में पुलिस ने आरोपी जसबीर सिंह को 150 लीटर लाहन व शराब बनाने के सामान सहित काबू किया है। प्रबंधक थाना नग्गल के प्रभारी कर्मबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी जसबीर सिंह अवैध शराब बनाने व बेचने का कार्य करता है। उसके घर पर भारी मात्रा में अवैध शराब व शराब बनाने का सामान रखा हुआ है।

### अफीम सहित आरोपी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव के दुखेड़ी मोड़ के पास से नशा तस्करी के पुलिस ने यूपी के गांव अंजनी वासी आरोपी संतोष कौरी को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से 250 ग्राम अफीम जब्त की है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 17 अगस्त 2025 को को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने दुखेड़ी मोड़ पर एनएच-44 फ्लाई ओवर के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया।

# रजौली में लिखी जा रही विकास की नई इबादत, राज्यपाल ने सरपंच को किया सम्मानित

## राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में गांव को मिले सम्मान से ग्रामीण गदगद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांव रजौली विकास के मामले में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण इसका श्रेय सरपंच सुनीता रानी को दे रहे हैं। उनका कहना है कि सरपंच की अगुवाई में यहां विकास के मामले में नई इबारत लिखी जा रही है। दूसरे सरपंचों के लिए मिसाल बनी सरपंच सुनीता रानी को इसी वजह से प्रशासन की सिफारिश पर राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष द्वारा सम्मानित किया गया।

सरपंच द्वारा स्वच्छता अभियान, गलियों व नालियों की सफाई, पंचायत भूमि पर पौधारोपण तथा निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। उनके इन प्रयासों से ग्रामीणों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। गांव के विकास कार्यों में भी गति आई है। गांव में सार्वजनिक स्थानों और दीवारों पर स्वच्छता से संबंधित आकर्षक स्लोगन लिखवाए गए हैं। ये लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। राज्यपाल की ओर से मिले सम्मान पर सरपंच सुनीता देवी ने कहा कि यह सम्मान केवल उसका नहीं बल्कि पूरे गांव की जनता का है। गांववासियों के सहयोग से ही स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे कार्य संभव हो पाए हैं। मेरा संकल्प है कि गांव को विकास और स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श बनाया जाए। आने वाले समय में भी वे पूरे मनोयोग से समाजहित के कार्य करेंगी।

सरपंच की ओर से गांव में पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें ओपन जिम, फूल-पौधे, बैठने के लिए चेयर और बच्चों के लिए झूले लगाए जा रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से 30 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। सरकारी स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र और सामुदायिक भवन जैसे सार्वजनिक स्थानों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध है। शिव धाम योजना के तहत कब्रिस्तान व शमशान घाट में चारदीवारी, पानी की व्यवस्था, संस्कार शैड और मिट्टी का भराव करवाया गया है। सामुदायिक भवन का रेनोवेशन, टाइल व सजावटी पौधों का रोपण कराया गया है।

सार्वजनिक स्थानों पर चलते खुले नलों को जनस्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 22 स्थानों पर बंद करवाया गया। इससे गांव में जल आपूर्ति सुधरी है। ग्राम पंचायत व जिला परिषद की ओर से स्कूल व सामुदायिक भवन में वाटर कूलर लगाए गए हैं। ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित मांग के अनुसार बेगना नदी पर पुल का निर्माण किया गया है। इससे साढौरा की ओर से अंबाला जाने वालों को सुविधा मिली है। साथ ही दूरी भी घटी है। गांव के गणमान्य व्यक्ति सतपाल धीमान ने बताया कि यह रास्ता अंग्रेजी शासनकाल से चला आ रहा है। नदी पर पुल की मांग एक लंबे समय से की जा रही थी। तत्कालीन राज्य मंत्री रहे एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इसका निर्माण करवाया गया है।

सरपंच सुनीता रानी ने कहा कि ग्रामीणों के साथ-साथ उनके परिवार का भी उन्हें पूरा सहयोग मिलता है। एक महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें कोई दिक्कत नहीं आई बल्कि उनके पति ने हर कदम पर साथ दिया है।

### भविष्य की योजनाएं

सरपंच ने बताया कि गांव के सार्वजनिक स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया जाएगा ताकि वर्षा का पानी संचय हो सके। किसानों के खेतों तक जाने वाले रास्तों को पक्का करवाया जाएगा। बच्चों के लिए ई-लाइब्रेरी और महिला चौपाल का निर्माण करवाया जाएगा। रजौली की जनसंख्या लगभग 1600 है। गांव में 10 वीं तक का सरकारी स्कूल और दो आंगनवाड़ी केंद्र हैं। ग्रामीणों ने सरपंच सुनीता रानी के सम्मानित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे गांव के लिए गर्व की बात है और उनके नेतृत्व में रजौली लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है।




**शहजादपुर।** राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष से सम्मान प्राप्त करती हुईं सरपंच सुनीता रानी व गांव में बना खूबसूरत पार्क।

## कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# एलडीए के सस्पेंशन को लेकर बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स यूनियन के सदस्यों ने हिस्सेदारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बिजली विभाग में कार्यरत एलडीए गुरविंदर को सस्पेंड किए जाने के विरोध में निरंतर सब डिविजनों में विरोध प्रदर्शन चला रहा है। शहजादपुर सब यूनिट के कर्मचारियों ने भी सोमवार को एक घंटे तक गेट मीटिंग कर सहयोगी के सस्पेंशन को लेकर जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स यूनियन के सदस्यों ने हिस्सेदारी की। बलविंद्र सिंह की अध्यक्षता में यह विरोध प्रदर्शन हुआ। कर्मचारियों ने कहा कि गुरविंदर की सस्पेंश गलत है और जब तक उसे बहाल नहीं किया जाता तब तक इसी तरह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने कहा कि गुरविंदर की सस्पेंशन को लेकर अंबाला छावनी यूनिट के अधीन आने वाली सब डिविजनों पर यह विरोध प्रदर्शन लगभग पिछले एक महीने से चल रहा है परंतु शीर्ष अधिकारियों व सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में सर्कल सचिव के आदेशानुसार इस गलत सस्पेंशन की कार्रवाई के विरोध में अंबाला सर्कल के अधीन आने वाले सभी बिजली कार्यालयों पर गेट मीटिंग कर विरोध शुरू हो गया है जोकि आगामी आदेश आने तक प्रतिदिन एक घंटे किया जाएगा।इस दौरान अधिकारियों की इस गलत कार्यवाई की जमकर निंदा की गई। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक गुरविंदर को बहाल नहीं किया जाता तब तक इस विरोध प्रदर्शन को ओर तेज किया जाएगा। सर्कल सचिव के आदेशानुसार इस विरोध प्रदर्शन को अगले चरण में लेकर जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके चलते अगर किसी भी तरह की अशांति फैलती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी निगम अधिकारियों की होगी।



**शहजादपुर।** सहयोग के सस्पेंशन को लेकर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान यूनिट सब यूनिट प्रधान बलविंद्र कुमार ,यूनिट उपप्रधान प्रमोद राणा,यूनिट कैशियर सपटर गुर्जर,यूनिट संगठनकर्ता संदीप कुमार,जगबीर सिंह,सुनील कुमार,विनोद कुमार,मनप्रीत सिंह,राहुल,शेखर,गुरमीत,हुक्म चंद,प्रवीण कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# श्रावणी पर्व पर छात्रों ने हवन में डाली आहुतियां

- पुलिस डीएवी स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नई दिल्ली स्थित आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्रावणी पर्व के अवसर पर वैदिक यज्ञ एवं वैदिक क्रियाकलाप का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्कूल में हवन यज्ञ किया गया ,जिसमें वैदिक मंत्रों का उच्चारण पूरी निष्ठा और नीतियों के अनुसार किया गया। विद्यार्थियों द्वारा चतुर्वेद शतक पारायण यज्ञ के रूप में चारों वेदों के चुने हुए सौ -सौ मंत्रों की विशेष आहुतियां यज्ञ में दी गई। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि इस वेद सप्ताह का आयोजन प्रतिवर्ष आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के द्वारा देश भर में वैदिक विचारधारा का प्रसार और प्रचार करने के लिए सभी डीएवी संस्थाओं एवं आर्य समाज की संस्थाओं में किया जाता है। इसमें यज्ञ , प्रवचन और अन्य लोक कल्याण के कार्य भी किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि श्रावण मास का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इस मास में वैदिक मंत्रो का श्रवण एवं चिंतन हमारे लिए लाभकारी होता है। इससे हमारे वातावरण में भी शुद्धता फैलती है। उन्होंने /"हर घर यज्ञ हो/" इस बात के लिए भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया और अच्छे संस्कारों , संस्कृति व वेद मन्त्रों के प्रचार प्रसार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



**अंबाला।** श्रावणी पर्व पर मौजूद स्कूली छात्र।

### हनुमान मंदिर का गुल्लक उठा ले गए चोर

**अंबाला।** अबाला शहर की की परशुराम कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में चोरों ने ताले तोड़कर गुल्लक तोड़ने का प्रयास किया। ताला न तोड़ पाने के कारण चोर भारी भरकम गुल्लक ही उठाकर ले गए। जाते हुए मंदिर की अलमारी तोड़कर अन्य मंदिर की सामग्री लेकर भाग गए। मंदिर में सीसीटीवी न होने के कारण चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। मंदिर के सेवादार नरेश बंसल ने बताया कि जन्माष्टमी 15 अगस्त को मना ली थी। 16 अगस्त की रात को 10 बजे पुजारी अयोध्या प्रसाद ताला लगाकर चले गए थे। रविवार को सुबह आकर देखा तो ताले टूटे हुए थे। मंदिर का गुल्लक पिछले पांच माह से खुला नहीं था।

# मरम्मत की वजह से हाइवे पर लग रहा है लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

अमृतसर-दिल्ली नेशनल हाइवे पर मरम्मत की वजह से रोज लंबा जाम लग रहा है। जाम में फंसे वाहन चालक इसकी वजह से बेहद परेशान हैं। इसके लिए सीधेतौर पर अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। दरअसल दिल्ली अमृतसर हाईवे पर पिछले कई दिन से मरम्मत का काम चल रहा था। इस दौरान हाईवे पर लंबा जाम की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि अमृतसर-दिल्ली रोड पर नई लेयर डालने का काम किया जा रहा है। जिस क्रम में अभी पुरानी लेयर को हटाया जा रहा है। फिलहाल एक-एक लेन में यह काम कराया जा रहा है। इस दौरान एक साइड से वाहनों को निकालने की व्यवस्था की गई है। वाहन चालकों की जल्दबाजी के चलते आज हाईवे पर जाम लग गया। जाम मे ट्रक, बस व चार पहिया वाहन फंसे रहे। जिससे वाहन चालक व उसमें सवार लोग खासे परेशान रहे। जाम में फंसे लोगों का कहना था कि हाइवे पर कोई भी बोर्ड नहीं लगाया गया । न ही कोई डाइवर्जन की व्यवस्था लागू की गई। सिर्फ एक लेन को ही चालू रखा गया। जिस वजह से वाहनों की लंबी कतार हाइवे पर लग गई।

# सभी 47 निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से गरीबों का नहीं हो रहा उपचार

- मजबूरी में सरकारी अस्पतालों में उपचार करवा रहे हैं मरीज, आईएमए के चिकित्सक बोले जब तक सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती तब तक हड़ताल जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आयुष्मान पैनल से जुड़े जिले के 46 निजी अस्पतालों में गरीब व जरुरतमंद लोगों का उपचार बंद है। इसके चलते मरीज इलाज के लिए मजबूरी में सरकारी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं।

यहां आयुष्मान योजना के तहत इलाज के करीब 40 करोड़ रुपए का भुगतान अटका हुआ है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े पैनल अस्पताल संचालक डॉ. अशोक सारवाल का कहना है कि है जब तक सरकार हमें लिखित में आश्वासन नहीं देती, हड़ताल जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि जिले में रोजाना आयुष्मान से जुड़े पैनल वाले अस्पतालों में लगभग 15-20 ऑपरेशन होते हैं। ये सभी अभी बंद हैं। आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ. सुखप्रीत सिंह का कहना है कि पिछले 8 दिनों में उनके पास एक भी शिकायत नहीं आई है। जिलेभर के सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान के तहत इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार राज्य स्तर की कमेटी के साथ बातचीत में जुटी है। जल्द समाधान की उम्मीद है। निजी अस्पताल संचालकों ने सरकार से समय पर भुगतान हो और एमओयू की शर्तों के अनुसार जारी किया जाए, जिसमें देरी के लिए एक फीसदी दंडात्मक ब्याज हो । पूर्व स्वीकृति के बाद कटौती और अस्वीकृतियों को रोका जाए। टीएमएस-2 पोर्टल में तकनीकी समस्याओं का समाधान या पहले कार्यात्मक टीएमसी -1 की वापसी हो। इसके अलावा संचालकों की मांग की है कि हरियाणा में एचबीपी-2022 पैकेजों के कार्यान्वयन को शीघ्र किया जाए।

# धूमधाम से मनाएंगे भगवान वाल्मीकि प्रगट दिवस

- अधर में लटके भगवान वाल्मीकि मंदिर को भी पूरा करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा पूरे वाल्मीकि समाज को घंटी बजाकर जागृत किया गया। इसके बाद भगवान वाल्मीकि मंदिर में बैठक हुई जिसके बाद भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक प्रधान रविकांत की अध्यक्षता में हुई। इसमें कई मुद्दें को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें भगवान वाल्मीकि का प्रगट दिवस आगामी अक्टूबर माह में धूमधाम से मनाने के बारे विचार विमर्श किया गया। रविकांत ने कहा कि भगवान वाल्मीकि के प्रगट दिवस के बाद भगवान वाल्मीकि मंदिर जो पिछले कई वर्षों से अधर में लटका हुआ है उसको भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी पूरा करने काम शुरू करेगी। रविकांत ने कहा कि भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी ने यह निर्णय भी लिया है कि कमेटी द्वारा जो भी मंदिर निर्माण या फिर प्रगट दिवस सहित अन्य कोई कार्य किया जाएगा उसका पूरा ब्यौरा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से किया जाएगा। जब भी कोई वाल्मीकि समाज का व्यक्ति मंदिर से संबंधित खर्च के साथ आय व व्याय के बारे में जानकारी मांगता है तो वह मंदिर परिसर में बैठक कर व्यक्ति को उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रधान रविकांत की हर बात पर अपनी सर्वसम्मति जताई ओर एकजुट होकर कहा कि भगवान वाल्मीकि मंदिर निर्माण के संकल्प लिया गया।



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मौजूद कमेटी सदस्य व पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर उपप्रधान मनीष कंडारा, सचिव इंदू बाला, ज्वाइंट सेक्रेटरी दीपक बिडलान, कैशियर रमन कुमार मचल, सदस्य संजय अठवाल, राजकुमार, संत राम सौदा, रामदास रांझा, सतीश कंडारा, गुरमुखी, पवन नाजर, ओमप्रकाश, जतिंद्र मचल, तिलकराज मचल, विकास कंडारा विक्की, रिंकू बीरा, मोहित, रोहित, रवि कुमार, अमित सहोता, हिमांशु, कुलभूषण, राजिंद्र कागड़ा, विजय कुमार, प्रेमचंद पप्पू, विजय लिडलान, दीपक कागड़ा, सोनू भगत, नसीब अठवाल भी मौजूद रहे।*

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हर्षदीप कौर ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज द्वारा एपीईएक्स एसडीजी चैंपियन 2025–26 के अंतर्गत प्रबंधन विभाग एवं एसडीजी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में /"जल संरक्षण जागरूकता/" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें रचनात्मक रूप से अपनी सोच व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था।

प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के 15 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वयं सामग्री लाकर मौके पर ही पोस्टर बनाए। पोस्टरों का मूल्यांकन मौलिकता, रचनात्मकता एवं विषय से संबंधितता के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता का न्याय मूल्यांकन डॉ. रवनीत कौर द्वारा किया गया, जिन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए उनके संदेशों को प्रभावशाली बताया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हर्षदीप कौर को मिला, द्वितीय पुरस्कारः रोज़ी व तृतीय पुरस्कार सिमरन कौर को मिला। सांत्वना पुरस्कारः नेहा गुप्ता को मिला। इस कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. भारती विज तथा डॉ. अमिता द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य ने विजेताओं को बधाई दी एवं आयोजन की सराहना की।

### छात्रवृति योजना के लिए करें आवेदन

**अंबाला।** जिला कल्याण अधिकारी अनू बंसल ने बताया कि डॉ. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्रवृति संशोधित योजना वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये 31 जनवरी 2026 तक भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ बीआर अंबेडकर मेधावी छात्रवृति योजना के तहत अनुसूचित, टपरीवास एवं घूंमतू जाति के 10वीं कक्षा, 12वीं कक्षा व स्नातक कक्षा के छात्र आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा पिछड़े वर्ग एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएं केवल 10वीं कक्षा के लिए आवेदन किया जा सकता हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 10वीं कक्षा में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग ए के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत व शहरी क्षेत्रों 70 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

# केंद्र सरकार के लिए एजेंट की भूमिका निभा रहा चुनाव आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

वोट चोरी के आरोपों को लेकर चुनाव आयोग की ओर से दी गई सफाई को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आयोग विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों की जांच के बजाय लीपापोती कर रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के लिए एजेंट की भूमिका निभा रहा है।

मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों को लेकर रविवार को चुनाव आयोग की ओर से सफाई दी गई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिना किसी जांच के कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के आरोपों को निराधार बता दिया। जैन ने कहा कि राहुल गांधी के आरोपों को आयोग बेहद हल्के में ले रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने छह महीने की जांच में अभी केवल एक ही लोकसभा के डाटा का आंकलन कर वोट चोरी के पुख्ता सबूत पूरे देश के सामने पेश किए हैं। अगर चुनाव आयोग खुद ईमानदारी से उनके आरोपों की जांच करता तो वोट चोरी के आरोपों का सच पूरे देश की जनता के सामने आ जाता। मगर आयोग जांच की बजाय केंद्र सरकार को बचाने की हर संभव कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार वोट चोरी से बनी है। राहुल गांधी के इन आरोपों में बेहद दम है। खुद पीएम नरेंद्र मोदी की सीट वोट चोरी से बची है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर अब सवाल उठने लाजिमी है। आयोग आरोपों की जांच की बजाय उल्टा राहुल गांधी पर ही इस मामले में हल्फनामा देने का दबाव बना रहा है ताकि उन्हें बदनाम करने का मौका बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। चुनाव आयोग को उनके आरोपों पर गंभीरता दिखाते हुए तुरंत जांच के आदेश देने चाहिए थे। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन ने चुनाव आयोग के उस दावे पर भी वार किया जिसमें आयोग ने यह कहा कि वह सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कोई भेद नहीं करता। उन्होंने कहा कि यह बेहद हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष के वोट चोरी के गंभीर आरोपों पर जांच न करवाने से साफ जाहिर हो रहा है कि आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है।



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता रोहित जैन व अन्य।